Publication: - Patrika Bureau Dt. 22/01/2016
Edition: - Kota –Baran
Subject: - Coverage of winter wear distribution in adopted schools.

पत्रिका ब्यूरो बारां

22 जनवरी, शुक्रवार

कड़ाके की ठंड में

बच्चों के लिए वरदान बना अदाणी फाउण्डेशन

–609 बच्चों को वितरित किए ऊनी वस्त्र

–गोद लिए 35 विद्यालय व 43 आंगनबाड़ी केन्द्रों के कुल 9 हजार बच्चों को वितरित होंगे गर्म कपड़े

बच्चों को गर्म कपड़े वितरित करते विधायक मेघवाल व अदाणी के अधिकारी।

कार्यालय संवाददाता

बारां/अटरु, 21 जनवरी। वर्तमान में बारां जिले समेत समूचे उत्तरी भारत में पड़ रही कड़ाके की सर्दी के मौसम में अटरु उपखण्ड क्षेत्र के 35 सरकारी विद्यालयों व 43 आंगनबाड़ी केन्द्रों में अध्ययनरत करीब 9 हजार बच्चों के लिए अदाणी फाउण्डेशन वरदान बना।

कॉर्डिनेटर गोपाल देवड़ा ने बताया कि अदाणी फाउण्डेशन द्वारा क्षेत्रीय विद्यालयों के बच्चों को सर्दी के बचाव के लिए ऊनी वस्त्र वितरित करने का निर्णय लिया गया। जिसके तहत गत 18 जनवरी से क्षेत्रीय विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों को गर्म ऊनी कपड़े वितरित किए जा रहे हैं।

विधायक मेघवाल की मौजूदगी में 609 बच्चों को वितरित किए गर्म कपड़े

अदाणी फाउण्डेशन के कॉर्डिनेटर गोपाल देवड़ा ने बताया कि गुरुवार क्षेत्रीय विधायक रामपाल मेघवाल की अध्यक्षता में फाउण्डेशन द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक व राजकीय प्राथमिक विद्यालय नवीन अटरु के 609 छात्र-छात्राओं को ऊनी वस्त्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान विधायक मेघवाल ने अदाणी फाउण्डेशन द्वारा सामाजिक क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके द्वारा शिक्षा क्षेत्र में निभाई जा रही सरोकार भूमिका सराहनीय है। साथ ही आगामी समय में जिला मुख्यालय पर करीब 11 करोड़ की लागत से बनाए जा रहे सिविल हॉस्पिटल जो जिले की जनता के लिए एक वरदान साबित होगा, जिसके चलते लोगों को आगामी भविष्य में स्वास्थ्य लाभ के लिए महंगे खर्च कर अन्य स्थानों या निजी अस्पतालों में चक्कर न लगाने पड़ेंगे। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक भुवनेश भार्गव ने भी अदाणी फाउण्डेशन का आभार जताया।

अटरु में विद्यालय के बच्चों के साथ फाउण्डेशन के पदाधिकारी।

विद्यालय गतिविधियों का उद्देश्य शिक्षा क्षेत्र में स्वावलम्बी बनें बच्चे : देवड़ा

अदाणी फाउन्डेशन के कॉर्डिनेटर गोपाल सिंह देवड़ा ने कहा कि विद्यालय संबंधी गतिविधियों का एक मात्र उद्देश्य यह है कि शिक्षा के क्षेत्र में बारां जिले के बच्चों की प्रतिभाएं खुल कर सामने आए एवं बच्चें स्वावलम्बी बनें तथा हमारा सदैव यही प्रयास रहेगा की बच्चे शिक्षा से वंचित नहीं हो।

अदाणी प्लांट शिक्षण संस्थानों के साथ जुड़कर शिक्षार्थियों के उन्नयन हेतू सदैव प्रयासरत है। खेलकूद प्रतियोगिताएं जो कि राज्य व जिला स्तर पर होती हैं उनमें भी प्रत्येक वर्ष आर्थिक सहयोग भी किया जाता है। इस वर्ष से अदाणी द्वारा आंगनबाड़ियों को भी सामाजिक सरोकार के कार्यक्रम में जोड़ा गया है।